संक्षिप्त समाचार

उतरौला में शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

उतरौला(बलरामपुर)/आलोक गुप्ता : एच आर ए इण्टर कालेज उतरौला मे मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अभियान में मौजूद छात्र छात्राओं को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। उसके बाद छात्रों ने रंगोली बनाकर मतदान करने की प्रेरणा दी। रुद्ल प्रसाद इण्टर कालेज इटई रामपुर में छात्रों ने पट्टियों में लिखें स्लोगन को लेकर गांव में प्रभातफेरी निकाली और मतदान के लिए बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक व तमाम कर्मचारी, ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

तराई क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़ा राजकीय नलकूप, सिंचाई के लिए किसान परेशान

महराजगंज तराई (बलरामपुर)/पंकज मिश्र : तराई क्षेत्र में गर्मी में सिंचाई के लिए किसान नलकूपों पर निगाह लगाए हैं लेकिन हाल ये है कि क्षेत्र में लगे राजकीय नलकूप सूखे पड़े हैं। इसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए महंगे दामों में डीजल खरीद कर अतिरिक्त खर्च देकर मक्का की सिंचाई करनी पड़ रही है। विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम रामस्वरूप पुरवा ,साहेब नगर, परसिया कला , परसपुर आदि में कहीं पाइप लाइन खराब है तो कहीं लो वोल्टेज की समस्या है। नलकूप का मोटर खराब हैं। कई नलकूप सालों से सूखे पड़े हैं। नहरों के बाद राजकीय नलकूप ही सिंचाई का साधन होते हैं।इन दिनों मक्के व गन्ने की फसल को पानी की जरूरत है लेकिन अधिकतर नलकूप खराब होने से किसानो की फसल प्रभावित हो रही है। फसल बचाने के लिए किसान निजी पंपिंग सेट से सिंचाई करने पर मजबूर हैं। एक बीघा फसल की सिंचाई में 250 से 300 रुपये खर्च होते हैं। ऐसे में फसल की लागत बढ़ जाती है। किसान पैगम्बर , कृष्ण कुमार और महेश ने बताया कि नलकूप बंद होने की सूचना विभाग को दी गई है। लेकिन अभी तक कोई भी खराब पड़े नलकूप की सुध लेने नहीं आया। ग्रामीणों ने बंद पड़े नलकूप को सही करने की मांग जिलाधिकारी से की है।

एनटीपीसी में विश्व जल दिवस पर ली जल संरक्षण हेतु शपथ

ऊंचाहार/रायबरेली : एनटीपीसी में विश्व जल दिवस के अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने सभी महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन व एसोसिएशन के सदस्यों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। श्री छाबड़ा ने कहा कि पृथ्वी पर मौजूद सभी जीवन रूपों के कामकाज के लिए पानी बुनियादी आवश्यकता है। यह कहना सुरक्षित है कि पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने वाला एकमात्र ग्रह होने का कारण पानी ही है। यह सार्वभौमिक विलायक इस ग्रह पर हमारे पास मौजूद प्रमुख संसाधनों में से एक है। जल के बिना जीवन का संचालन असंभव है। शपथ के बाद अपर महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण) प्रीति सिन्हा ने बताया कि विश्व जल दिवस के उपलक्ष पर पर्यावरण संरक्षण अनुभाग की ओर से जल संरक्षण जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें एनटीपीसी कर्मचारियों व परिवारजन के लिए नारा लेखन, चित्रकला, फोटोग्राफी व जल संरक्षण हेतु सुझाव आदि सम्मिलित हैं। एक सप्ताह तक इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

सुआव नाले को सुरक्षित करने के लिए नालों के किनारे हो रहे निर्माण पर पूर्ण रूप से रोक

उतरौला(बलरामपुर)/आलोक गुप्ता : तहसील क्षेत्र में बह रहे सुआव नालो को सुरक्षित करने के लिए उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने नालों के किनारे हो रहे निर्माण पर पूर्ण रूप से रोग लगा दी है। उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देश पर निषेधाज्ञा लागू किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सुआव नाला को सुरक्षित करने के लिए नगरीय क्षेत्र में पचास मीटर व ग्रामीण क्षेत्रों बह रहे सुआव नालों की परिधि से सौ मीटर में आने वाले भूमि पर किसी भी तरह के निर्माण नहीं हो सकेंगे। इस आदेश का उल्लघंन करने पर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 19 मार्च से लागू हो गया है। बताते चलें कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के इस निर्देश के लागू होने पर तमाम सरकारी व निजी भवन इससे प्रभावित हो रहे हैं।

विकास खण्ड रेहरा बाजार के अधिकांश गांवों में छुट्टा जानवरों से किसान परेशान

पशु आश्रय केन्द्रों की बदइंतजामी के चलते छुट्टा जानवर किसानों की फसल को घूम-घूम कर अपना निवाला बना रहे हैं

शाहिद हुसैन

सादुल्लाहनगर(बलरामपुर) : विकास खण्ड रेहरा बाजार के अधिकांश गांवो में छुट्टा जानवरों से किसान परेशान है। छुट्टा जानवर किसानों की परेशानी का सबब बन गए हैं। पशु आश्रय केन्द्रों की बदइंतजामी के चलते छुट्टा जानवर किसानों की फसल को घूम-घूम कर अपना निवाला बना रहे हैं।

फसल बर्बाद होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले में शिकायत के बाद भी आवारा जानवरों के आतंक से किसानों को निजात नही मिल पा रही है।आवारा और छुट्टा जानवरों के आतंक से किसानों को निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने गांव



में पशु आश्रय केंद्र बनवाये ताकि छुटा जानवरों को वहां रखा जा सके और उनसे होने वाले फसल के नुकसान को बचाया जा सके। किसानों को भी उम्मीद थी कि अब उनकी फसल बर्बाद नही होगी लेकिन आश्रय केंद्रों की बदइंतजामी और जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते आवारा जानवर छुटा घूम रहे हैं।

जानवर खेत मे बोई गई फसलों को अपना निवाला बना रहे है। जिससे किसानों की मेहनत से उगाई गयी फसल बर्बाद हो रही है। फसल बर्बाद होने से किसानों की आर्थिक हालत खराब होती जा रही है। सरायखास, नयानगर, अचलपुर चौधरी, गौल्हीपुर, परसरापुर, रामपुर गिरंट, जिगनी आदि तमाम गांव व बाजार में छुट्टा जानवरों से फसल को हो रहे नुकसान से परेशान किसान प्रशासन से इन जानवरों पर अंकुश लगाने की गुहार भी लगा चुके है लेकिन इस मामले में कोई सुनवाई नही हुई। जिले के आलाधिकारी भी मानते हैं कि आवारा जानवर किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि अभियान चलाकर छुट्टा पशुओं को पकड़ा जाएगा। इस संबंध में सभी बी डी ओ को निर्देशित किया गया है। लेकिन फिर भी किसानों की तरफ देखने वाला कोई नहीं है।

एमएलके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा य ोजना इकाई के विशेष शिविर का छठवा दिन

टी.बी. लाल

बलरामपुर : बलरामपुर देहात के रंजीतपुर गांव में एमएलके पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर में छठवे दिन योग के माध्यम से शरीर को निरोग रखने के टिप्स सिखाकर सेहतमंद रहने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित योग शिविर में योग शिक्षिका रेखा मिश्रा ने स्वयंसेवकों को प्राणायाम, शीर्षासन, चक्रासन, आदि विभिन्न आसनों और योग से होने वाले लाभ को बताया। शिविर के द्वितीय सत्र में संयुक्त जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य विभाग की टीम जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पांडे, अविनाश विक्रम सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुराधा तिवारी, सूर्य मणि त्रिपाठी द्वारा स्वयंसेवकों को एनीमिया, टीवी, टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया से संबंधित जानकारी देते हुए उनके रोकथाम के उपाय बताया गया।

▶▶ स्वस्थ विभाग के अबिनाश सिंह ने स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने ग्रामीणों को जागरूक करें की उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में जाए

महिला काउंसलर अनुराधा तिवारी ने स्वयंसेविकाओं से विशेष वार्ता कर उनकी समस्याओ का उपाय बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका ने काउंसलर अनुराधा तिवारी का बैच लगाकर स्वागत किया और एनएसएस मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला ने जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पांडे सहित पूरी डॉक्टर्स टीम का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। स्वस्थ विभाग के अबिनाश सिंह ने स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने ग्रामीणों को जागरूक करें की उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में जाएं। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के डॉ ऋषि रंजन पांडे ने भी योग तथा अध्यात्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेन्द्र भट्ट ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश शुक्ला ने स्वस्थ विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मनस्वी, ममता, मांडवी सहित सैंकड़ों स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

बाजारों में होली के त्यौहार की तैयारियां शुरू

महिलाएं घरों में स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में जुटी, बच्चे व युवाओं की पसंद बने गुलाल

अनुज चौधरी

हापुड़ : रंग बरसे भीगे चुनर वाली, होली के दिन रंग मिल जाते है आदि गानों के दस्तक देते ही बाजारों में होली के त्यौहार की तैयारियां शुरू हो जाती है। बाजार में गुलाल, रंग व विभिन्न प्रकार की पिचकारियों से पट गये है। बाजार में रंग, फिरंगी सुगन्धित गुलाल, पिचकारी व मैजिक गुलाब गन खरीदने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आपको बता दें कि रंगों का त्यौहार होली के आते ही बाजारों पर होली का रंग चढ़ता जा रहा है और नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रंगों की बौछार के साथ साथ होली मिलन कार्यक्रमों की धूम मचने लगी है। देखा जाये तो होली के त्यौहार में अब 48 घंटे समय शेष है। बाजार में दुकानों पर रंग व खुशबू वाला गुलाल लोगों की पहली पसंद बने हुए है। बाजार में इस बार रंगों की।

वैरायटी जैसे सुगंधित गुलाल, कलर पेस्ट, गोल्डन सिल्वर, पिंक कलर, हर्बल गुलाल, चंदन हरा, होली गिफ्ट पैक, साधारण लाल पीला गुलाल के साथ इस बार फिरंगी गुलाल भी उपलब्ध है। इसके साथ साथ बाजार में विभिन्न प्रकार की पिचकारियों की अच्छी वैरायटी देखने को मिल रही है। लेकिन मैजिक गुलाब गन व मैजिक मुर्गा गुलाल बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चंडी रोड, रेलवे रोड, गोल मार्केट, हापुड़गढ़, बहादुरगढ़, डहरा कुटी, सहित अन्य

स्थानों पर पिचकारियों, रंग व गुलाल से दुकानें पट गयी है। भैना स्थित मनोज शर्मा स्टोर मनोज शर्मा का कहना कि होली के निकट आते ही बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है। बाजार में लोग खाद्य पदार्थों के साथ साथ रंग, सुगन्धित गुलाल व पिचकारियों की खरीददारी करते दिखाई दे रहे है।

साथ लोग अपने बालों को रंगों से बचाने के लिए मुर्गा बाल, मलिंगा बाल आदि भी खरीद रहे है और इस बार बाजार में आई मैजिक गुलाब गन बच्चों व लोगों की पसंद बनी हुई है। जिसकी कीमत मात्र 250 रुपये है। वही दूसरी ओर महिलाओं द्वारा घरों में होली पर्व की तैयारी की जा रही है। महिलाओं व युवतियों द्वारा घरों स्वादिष्टद्द मिठाईयां, जैसे गुजियां, बरफी के साथ-साथ गोल गप्पे आदि बनाये जा रहे है। महिलाएं होली के



पर्व को यादगार बनाने में कोई कसर छोड़ती नहीं दिखाई दे रही है।

02 शातिर साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

हापुड़/अनुज चौधरी : थाना साइबर क्राइम पुलिस ने सरकारी कर्मचारी बनकर गरीब व असहाय लोगों को कॉल करके प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मकान दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले 02 शातिर साइबर ठगों को किया गिरफ्तार। जिनके कब्जे से 02 मोबाइल फोन, 9,000/- रुपये नकदी, फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पहचान पत्र एवं श्रम विभाग की फर्जी रसीदें बरामद। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के साइबर अपराधी हैं, जिनके द्वारा विगत समय में सैकडों गरीब व असहाय लोगों के साथ इसी प्रकार की घटनाएं कारित करते हुए आर्थिक लाभ कमाया जा चुका है।

विद्युत तार के कारण फसलों में आग न लगे : मुख्य विकास अधिकारी

अनुज चौधरी

हापुड़ : मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने सभी अधिकारियों से लू प्रबंधन को गम्भीरतापूर्वक लागू करने के निर्देश विकास भवन सभागार में बैठक के दौरान दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी नगरपालिका में आवश्यक स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था कर ले इसके अलावा जिन स्थानो पर आरओ लगे है उन्हे जल्द ही दुरुस्त करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि यात्री के रुकने तथा इंतजार करने के स्थान पर सेट की भी व्यवस्था करे। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से स्कूलों में छात्रों के मध्य लू प्रबंधन का प्रचार प्रसार करने के लिए लू बचाव संबंधी वीडियो चलावने के निर्देश दिए। उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में आवश्यक रूप से आइस पैक की व्यवस्था करने के साथ-साथ कूल वार्ड भी बनाने के निर्देश दिए जिससे लू मरीज को समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी से दोपहर के दौरान विद्युत की निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये की फसलों के ऊपर से गुजरने वाले विद्युत तार से लगने वाले आग से फसल को नुकसान न पहुंचने पाए। सीडीओ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समस्त चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद पर लू से बचाव एवं राहत हेतु क्या करें क्या ना करें का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा।

आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने कहा बताया कि हीट वेव दिन का औसत रूप से 6 से 15 अप्रैल के मध्य प्रारंभ होने की सूचना प्राप्त है उन्होंने बताया कि लू से बचने के लिये कड़ी धूप में बाहर ना निकले, दोपहर में 12 से 3:00 के बीच बाहर न निकले। इसके अलावा अधिक से अधिक पानी पिये जिससे डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो। उन्होंने बताया कि लू लगने के पश्चात शरीर को गीले कपड़ों से पोछ जाए तथा सिर पर सामान्य तापमान का पानी डाला जाए तथा शरीर का तापमान कम करने का उपाय करे। इसके अलावा ओआरएस, नींबू पानी का घोल पिलाया जाए।

एन.एस.एस. से छात्रों में समाज सेवा की भावना का संचार होता है : उर्मिला चौधरी

योगेंद्र शर्मा

बुलंदशहर : दिलावरी देवी किसान कन्या पीजी कॉलेज चिंगरावठी बुलंदशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम नयावास में आयोजित किया गया। सातवें दिवस पर समापन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रतिदिन की तरह सभी स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित होकर शिविर की साफ सफाई की। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्राम वासियों को समापन समारोह के अवसर पर शिविर में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

समापन समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्रबंधक श्रीमती उर्मिला चौधरी, उप प्रबंधक डॉक्टर गीतिका चौधरी, अध्यक्ष श्री अजय पाल सिंह, कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर एच.के. वैश्य एवं अश्विनी शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रबंधक जी ने कहा की एन.एस.एस. से छात्रों में समाज सेवा की भावना का संचार होता है। बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। शिविर में उपस्थित स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेविकाओं ने स्वागत गान, राधा कृष्ण, (नच नच मोरनी) होली नृत्य, नुक्कड़ नाटक (सोशल मीडिया) भाषण, गीत, कृष्ण सुदामा नाटिका एकल नृत्य (गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु) नाटक वृद्ध आश्रम आदि प्रस्तुत किए हैं।

शिविर में उपस्थित सभी ग्राम वासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की कार्यक्रम का संचालन डॉ एच.के. वैश्य, श्री अश्वनी शर्मा श्री प्रदीप शर्मा, श्री बागेश्वर सिंह, शिवानंद पांडे, सलमान खातून, काजल रानी, आंचल त्यागी आदि के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात शिविर में सातों दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कॉलेज उप प्रबंधक महोदय जी ने ग्राम वासियों के सहयोग की प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री देवेंद्र शर्मा,श्री योगेंद्र कुमार, विनय कुमार सूर्यवंशी, मुकेश कुमार, पिंटू, देवेंद्र सिंह ,संजय कुमार, विमला देवी, कमलेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाली छात्रओं को समाजसेवी दीवान सिंह व अनुज चौधरी की तरफ से पुरस्कार देकर उनको सम्मानित किया गया।

खाद्य विभाग ने दो ट्रकों में लाखों की रंगीन कचरी व पाम ऑयल पकड़ा

अयोध्या : त्यौहार पर बिक्री के लिए दो ट्रको से ले जाया जा रहा मिलावटी खाद्य सामग्री रंगीन कचरी और पाम ऑयल को खाद्य विभाग ने टोल प्लाजा रौनाही तहसीनपुर से धर दबोचा। खाद्य विभाग ने त्योहारों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के कमर कस लिया है। इसी कड़ी में करीब सात लाख से अधिक कीमत रंगीन कचरी व पाम ऑयल पकड़ लिया और सेम्पल के लिए भेज दिया है।पकड़े गए खाद्य पदार्थ की बाजार में कीमत 7 लाख 27 हजार से ज्यादा आंकी जा रही है।

आरोप है सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद की जांच टीम ने शक के आधार पर दो ट्रको को टोल पर रोक कर तलाशी लिया तो ट्रक न 0 यू पी 42 ए टी 3691में 15 किलो के 320 टिन दावत ब्रांड पॉम आयल भरा मिला जिसकी कीमत 4 लाख 92 हजार आंकी गई है। इसे महाजन ट्रेडर्स कंजियाना रुदौली से अनिल ट्रेडिंग कंपनी गोंडा ले जाया जा रहा था। इसके पीछे आ रहे दूसरे ट्रक न 0 यू पी 35 ए टी 2947 में विभाग ने मिलावटी रंगीन कचरी पकड़ कर कब्जे में ले लिया जिसकी कीमत 2 लाख 35 हजार आंकी गई है। इसे श्री सिद्ध विनायक फूड प्रोडक्ट पनकी कानपुर से राम मिलन ट्रेडर्स बस्ती भेजा जा रहा था। दोनो ट्रको के माल का सैंपल भरकर सील करते हुए विभाग ने सुरक्षित रखवा लिया है। मौके पर मौजूद सहायक आयुक्त ने बताया पकड़े गए मिलावटी खाद्य सामग्री के सैंपल की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही तय की जाएगी। जांच टीम में मौजूद खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोहावल नीरज कुमार, अनूप सिंह, कांस्टेबल राघवेंद्र नाथ गौतम शामिल रहे।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने होली पर्व के इंतजामों की समीक्षा की

लगभग 5,00,000 अतिरिक्त बर्थो की व्यवस्था की गई, इनमें 282 फेरे आरक्षित हैं और 72 फेरे अनारक्षित हैं

▶▶ 75 जोड़ी रेलगाड़ियों के 354 फेरे अधिसूचित किए गए हैं जो की पिछले वर्ष की तुलना में 179 अधिक हैं

इनमें 243 फेरे पूर्व दिशा की ओर जबकि 111 फेरे अन्य दिशाओं में जाने वाली रेलगाड़ियों के हैं

योगेंद्र शर्मा

नई दिल्ली : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में आगामी होली त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़-भाड़ की सुविधाजनक निकासी के लिए उत्तर रेलवे द्वारा किए जा रहे विभिन्न इंतजामों की समीक्षा की। इस दौरान उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कहा कि इस वर्ष रेलवे द्वारा 75 जोड़ी रेलगाड़ियों के 354 फेरे अधिसूचित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 179 अधिक हैं। इन 354 फेरों में 243 फेरे पूर्व दिशा की ओर जाने वाली जबकि 111 फेरे अन्य दिशाओं में जाने वाली रेलगाड़ियों के हैं। इसके अलावा, 282 फेरे आरक्षित हैं और 72 फेरे अनारक्षित हैं। मांग को पूरा करने के लिए होली पर्व के दौरान मौजूदा रेलगाड़ियों के 39 रेकों के 842 कोच ट्रिप पहले ही बढ़ाये जा चुके है।

इससे लगभग 5,00,000 अतिरिक्त बर्थो की व्यवस्था हुई है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की निगरानी करने और दिल्ली क्षेत्र से पूर्व दिशा की ओर तथा अन्य गंतव्यों के लिए विशेष रेलगाड़ियों को समय पर चलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़ को रोकने के लिए अजमेरी गेट नई दिल्ली (कवर एरिया 4500 वर्ग फीट लगभग) और आनंद विहार टर्मिनल (2500 वर्ग फीट लगभग) रेलवे स्टेशनों पर 'यात्री होल्डिंग एरिया' का गठन किया गया है। प्लेटफार्मों पर भीड़ को कम करने के लिए प्रस्थान प्रतीक्षा क्षेत्र, कवर टेंट, लाइटिंग, पंखे, वॉटर बूथ, पोर्टेबल टॉयलेट ब्लॉक, फूड स्टॉल, पी.ए. सिस्टम, बुकिंग काउंटर आदि की सुविधाएं है।

त्योहार की अवधि के दौरान ट्रेनों की पूछताछ प्रणाली और घोषणा प्रणाली की निगरानी की जा रही है और सभी स्पेशल ट्रेनों की स्थिति पर पी.आर.एस. प्रणाली को अपडेट किया गया है। उपयोगकर्ताओं की जानकारी के लिए विशेष ट्रेनों की शुरूआत, बढ़ोतरी आदि के बारे में नियमित और लगातार घोषणाएं की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि व्यस्त समय के दौरान सभी बुकिंग और पूछताछ काउंटरों पर कर्मचारी तैनात रहें। यात्रियों की सुविधा के लिए जहां भी आवश्यक होगा वहां आरक्षण के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोले जायेंगे।

दलालों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए आरक्षण कार्यालयों में वाणिज्य/सतर्कता निरीक्षकों और आर.पी.एफ./पुलिस कर्मचारियों की टीम को तैनात किया गया है। स्टेशनों और ट्रेनों में साफ-सफाई, पर्याप्त पेयजल, रोशनी वाले साइनेज और स्वच्छ और उचित प्रतीक्षालय आदि जैसी बेहतर और उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे है।

अतिरिक्त टिकट जांच कर्मचारी आरक्षित कोचों की निगरानी कर रहे हैं और आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों के निर्धारित आई.डी. प्रमाणों की उचित/गहन जांच कर रहे हैं। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कर्मियों के अलावा पर्याप्त संख्या में स्काउट और गाइड और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। वे प्लेटफॉर्म और फुटओवर ब्रिज पर यात्रियों की भीड़ का प्रबंधन भी करेंगे।

आनंद विहार टर्मिनल

✸ टेंटेज का कवर्ड एरिया 3000 वर्ग फुट है। ✸ महिला और पुरुष यात्रियों के लिए मोबाइल शौचालय की सुविधा ✸ (क्षमता : 10 डब्ल्यू.सी.) है। ✸ टेंटेज एरिया के पास में पानी का टैंकर उपलब्ध है। ✸ जरूरत अनुसार पांच अतिरिक्त पूछताछ एवं टिकट काउंटर उपलब्ध है। ✸ जनता खाना सभी स्टालों पर उपलब्ध है। ✸ टेंट में एल.ई.डी. स्क्रीन लगाई गई है। ✸ यात्रियों को सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मिनी कण्ट्रोल बनाया गया।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन

✸ टेंटेज का कवर्ड एरिया 4500 वर्ग फुट है (अजमेरी गेट सर्कुलेटिंग एरिया)। ✸ महिला और पुरुष यात्रियों के लिए मोबाइल शौचालय की सुविधा ✸ (क्षमता : 10 डब्ल्यू.सी.) है। ✸ टेंटेज क्षेत्र के सामने 20 अतिरिक्त पानी के नल। ✸ जरूरत अनुसार अतिरिक्त पूछताछ एवं टिकट काउंटर उपलब्ध है। ✸ 02 खानपान के स्टॉल लगाये गए। ✸ यात्रियों को सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मिनी कंट्रोल बनाया गया। ✸ नई दिल्ली स्टेशन के दोनों ओर 'में आई हेल्प यू' बूथ।